मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांक:20.03.2025

थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा ₹ 15 हजार के ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सोमेन बर्मा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांक 20.03.2025 को थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-181/2024 धारा 419,420,467,468,471,504,506 भादवि से सम्बन्धित ₹ 15 हजार के ईनामियां वांछित अभियुक्त छविनाथ विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा निवासी रेमा मुगलसराय थाना अलीनगर जनपद चन्दौली को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. छविनाथ विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा निवासी रेमा मुगलसराय थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-181/2024 धारा 419,420,467,468,471,504,506 भादवि थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक बाली मौर्या मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।